आचार्य भगवान देव : उपाध्यक्ष महोदय, यह देखा गया है कि एलोपैथी पर अधिक रुपया सरकार की तरफ से खर्च किया जा रहा है। मैं यह जानना चाहता हूं कि जामनगर मे आयुर्वेद की जो यूनिवर्सिटी स्थापित है उस में कैंसर की चिकित्सा के संबंध में एलोपैथी की दृष्टि से कितनी राशि व्यय की जा रही है और कितना बजट में प्रावधान किया गया है ?

दूसरे क्या मंत्री जी इस सम्बन्ध में भी जानकारी देंगे कि योग की दृष्टि से कितनी राशि गोल मार्केट, नई दिल्ली में चल रहे योग केन्द्र पर खर्च की जा रही है ?

SHRI NIHAR RAJAN LASKAR : As I have already said, Central assistance is available for Ayurvedic research in cancer programme. But it is a fact that allopathic system is doing much more and they are getting more assistance in this field. Government is, of course, interested to give some funds if the Indian medicine system, come forward to take advantage of these schemes for research. If they have some programme, we are prepared to give them funds.

SHRI MANORANJAN BHAKTA : Mr. Deputy Speaker, as you know there are three types of administrations in the country, the State Government, the Union Territory with the legislature and the Union Territories without legislature which is directly administered by the Union Government. Now, I would like to know specifically from the Honourable Minister what is his option from the Union Government for the Union Territories directly administered by them to have these centres of the cancer institutes ?

SHRI NIHAR RANJAN LASKAR : The States and the Union Territories are entitled for this assistance. When they i.e. Union Territories come up with proposals they are entitled for it and they are considered.

SHRI JAGANNATH RAO : Sir, apart from the Research Institutes which are going to get grant from the Government, may I know from the Minister whether individuals, the Ayurvedic doctors, who have been carrying on the research in the field of cancer and who claim to have cured some incurable cases will they get grants from the Government ?

SHRI NIHAR RANJAN LASKAR : So far, there is no such case.

MR. DEPUTY SPEAKER : All Honourable Members who are putting supplementary questions may go through the questions and be prepared to ask supplementaries for the first ten questions at least. In that case, everybody will got a chance. Don t prepare only for one question.

श्री जगपाल सिंह : मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि जिन नौ कैंसर अनुसंधान केन्द्रों को केन्द्र सरकार सहायता देती है क्या उनमें ऐसी कोई योजना बनाई गई है कि भारत में जो पुरुषों के मुकाबले में स्त्रियों की संख्या घट रही है उसका मुख्य कारण स्त्रियों में कैंसर का ज्यादा होना है, क्या इसके सर्वेक्षण कोई योजना भारत सरकार ने बनाई है ? यदि बनाई है तो वह क्या है ?

SHRI NIHAR RANJAN LASKAR : Sir, this is also a fact that women suffer more from cancer. This we are looking into to see how we can give more attention to women and all that.

**New Muzaffarpur-Darbhanga Line**

*145. SHRI BHOGENDRA JHA : Will the Minister of **Railways** be pleased to state :

(a) whether survey was held for new Muzaffarpur-Darbhanga direct line via Benibad ; and

(b) if so, the result thereabout and the action taken thereon ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MALLIKARJUN) : (a) Yes, sir, via Katra, Bharwara and Singhwara.

(b) According to the survey report, the proposed 65·54 kms. long B.G. line was estimated to cost Rs. 12·45 crores and financially unremunerative. Therefore, the proposal was not pursued.

**श्री भोगेन्द्र झा** : उपाध्यक्ष महोदय, मैं सबसे पहले एतराज करता हूं कि मेरे प्रश्न को तीन हिस्सों में बांट दिया गया है और मुझसे पूछा नहीं गया। अगर तीन हिस्सों में कर दिया गया तो कम से कम प्राथमिकता के बारे में पूछा जाता। इसलिए मैं आशा करता हूं कि मेरा पूरा प्रश्न गया था। और पूरे प्रश्न का मंत्री महोदय जवाब देंगे।

**उपाध्यक्ष महोदय** : यह प्रश्न उस इलाके के बारे में जहां 62 के चीनी आक्रमण के बाद बहुत बड़ा सनिक विमान अड्डा कायम किया गया और वहां के लोग कहते हैं कि बम गिराने के लिए और उसका शिकार होने के लिए तो हमें छोड़ दिया गया है लेकिन इस इलाके को देश के प्रमुख हिस्सों से जोड़ने के लिए एक रेलवे लाइन अभी तक नहीं डाली गई। दरभंगा-समस्तीपुर लाइन स्वीकृत हो गई थी 1972 में और तब से वह पड़ी हुई है। मैं जानना चाहता हूं कि उसकी शुरूआत कब होने जा रही है और उसको कब तक पूरा कर लिया जाएगा। सकरी हसनपुर लाइन 1973 में स्वीकृत हुई थी और उसका काम अभी तक हाथ में नहीं लिया गया है। गत सत्र में एक प्रश्न के उत्तर में कहा गया था कि इस साल उसके लिए 12–13 लाख रुपया रखा गया है। मैं जानना चाहता हूं कि इस लाइन को कब तक पूरा कर लिया जाएगा। इस साल के बजट में दरभंगा जयनगर बड़ी लाइन के सर्वेक्षण की व्यवस्था की गई है। मैं जानना चाहता हूं कि क्या सर्वेक्षण का काम प्रारम्भ हो गया है और क्या उसको इस साल पूरा कर लिया जाएगा ?

SHRI MALLIKARJUN : The hon. member has taken the question in a different form. However, the question pertains to the survey between Muzaffarpur-Darbhanga direct line via Benibad. The survey report had been submitted in November 1979. The direct line via Benibad is 8 kms. less than the present survey which has been conducted via Katra, Bharwara and Singhwari which is 65·54 kms. Since this is unremunerative, the proposal has not been taken up. Since this is a backward area also, there is already a National Transport Policy Committee which has given its recommendation for the development of this backward area; and that is under examination by the Planning Commission. After the examination is over ......

SHRI BHOGENDRA JHA : My question has been split into three parts without consulting me. He has replied to one part and he has been repeating that. The Minister's reply before me.

MR. DEPUTY SPEAKER : He has already replied to that

SHRI BHOGENDRA JHA : He has not touched the supplementary.

SHRI MALLIKARJUN ; His question is : whether survey was held for new Muzaffarpur-Darbhanga direct line via Benibad ; and if so, the result thereabout and the action taken thereon ?

MR. DEPUTY SPEAKER : One supplementary is over. Now you can put another supplementary.

SHRI BHOGENDRA JHA : He has not replied my supplementary question.

MR. DEPUTY SPEAKER What is your supplementary question?

**रेल मंत्री (श्री केदार पांडे)** : माननीय सदस्य ने एक कम्प्रिहैंसिव सवाल पूछा है और वह उत्तर बिहार के कुछ लाइनों को बी जी लाइनें बनाने के बारे में है। वह अन्डर कंसिड्रेशन है। जहां तक इस सवाल का ताल्लुक है यह सीधा सवाल है कि मुजफ्फरपुर से दरभंगा जो लाइन है उसको डायरेक्ट लिंक कीजिये। उसके लिए सर्वे हुआ था और सर्वे में पाया गया कि यह अनरिम्युनरेटिव है। लेकिन चूंकि यह बैकवर्ड एरिया है इसलिए इसको प्लानिंग कमीशन के पास भजा गया है। मैं एक बात कहूंगा। इस में बारह करोड़ के करीब खर्च होगा। उसमें स्टैंडर्ड यह है कि दस परसेंट का रिटर्न होना चाहिए आन दी कैपिटल इनवेस्टमेंट यह इसमें नहीं आती। इसमें नेगेटिव हो रहा है, कम से कम सवा करोड़ का रिटर्न दस परसेंट के हिसाब से होना चाहिये, जो नहीं होता है। जहां तक इस

पर्टिक्युलर सवाल का ताल्लुक है कि यह स्पिल्ट हुग्रा है तो मैं कहना चाहूंगा कि ग्राई एम नाट एट फाल्ट । जहां से सपिल्ट हुग्रा है वह जानें ।

MR. DEPUTY SPEAKER : Now, you can put your second supplementary question.

SHRI BHOGENDRA JHA : What happened to my first supplementary ? They are repeating the first answer.

MR. DEPUTY SPEAKER : I am satisfied with the reply given by the Government because your question has been replied. What is that you want to know from them ? He said, it has been recommended to the Planning Commission....

SHRI BHOGENDRA JHA : No, Sir. They have approved and sanctioned it in this year's budget. The reply is before me. They do not do the home work. They are repeating the reply. The reply is before me now.

MR. DEPUTY SPEAKER : The unfortunate thing is that you have done more home work than they have done.

SHRI BHOGENDRA JHA : Sir, the reply is before me. They have replied it. (*Interruptions*) In this year's budget they have not touched it, Sir. Let us have the question. The original copy of the Question from the last session. (*Interruptions*) They don't study it. They don't do any home work. (*Interruptions*)

SHRI MALLIKARJUN : Sir, I take strong objection to this. What do you mean by not studying.? (*Interruptions*)

We are responsible. (*Interruptions*)

SHRI BHOGENDRA JHA : I am prepared to give this original reply to you. (*Interruptions*)

MR. DEPUTY SPEAKER : Mr. Mallikarjun, you are seeing him, Why do you see him ? (*Interruptions*)

SHRI BHOGENDRA JHA : The reply is in my hands. This is the original copy of the reply given in the last session. He knows all these things. They are denying it today. This is ridiculous.

(*Interruptions*)

MR. DEPUTY SPEAKER : Are you going to put your second supplementary or not ? The first supplementary is over. Put Your second supplementary. (*Interruptions*).

SHRI BHOGENDRA JHA : They have not answered. (*Interruptions*).

MR. DEPUTY SPEAKER : You must put your second supplementary. (*Interruptions*)

MR. DEPUTY SPEAKER : The first supplementary has been replied, the main Question has been replied. Are you going to put your secord supplementary or not ? (*Interruptions*)

MR. BHOGENDRA JHA : Sir, whether it is a fact that Darbhanga-Muzaffarpur-Samastipur line, conversion into broad gauge, line has been sanctioned and approved, since several years, about seven or eight years ago, whether and when the work is going to begin and when will it be completed and if survey of Jayanagar-Darbhanga conversion to B.G. line is complete, when these going to be begun and completed ? (*Interruptions*)

**श्री० केदार पांडे** : जहां तक दरभंगा समस्तीपुर लाइन की बात है, वह बी० जी० होने जा रही है । दरभंगा-जयनगर बी०जी० होने का सर्वे चल रहा है । सर्वे कम्पलीट हो गया है, यह गलत बात है । लेकिन जहां तक इस प्रश्न का ताल्लुक है, दरभंगा-मुजफ्फरपुर है, दरभंगा-समस्तीपुर नहीं है ।

**प्रो० सत्यदेव सिंह**: मैं रेल मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि छपरा-रक्सौल वाया बनियापुर, डुमरिया-घाट कोई नई रेल लाइन बनाने के लिए सर्वे चल रहा है ?

**श्री केदार पांडे** : ग्रभी तक नहीं है । ग्रगर माननीय सदस्य पत्र भेजें तो विचार किया जायेगा ।

**श्री धनिक लाल मंडल** : ग्रभी मंत्री जी ने बताया कि दरभंगा-समस्तीपुर लाइन का

PARLIAMENT LIBRARY
No. B. 97361 (4)
DATE .. . 82

सर्वेक्षण हो रहा है, लेकिन इस सदन में बार-बार यह आश्वासन दिया गया है कि दरभंगा-समस्तीपुर लाइन के सर्वेक्षण का सवाल नहीं है, केवल 22 किलोमीटर है, मंत्री जी तो वहां रहते ही हैं, लेकिन फिर भी उस पर ध्यान नही दे रहे है । 22 किलोमीटर है दरभंगा से समस्तीपुर। समस्तीपुर से बाराबंकी लाइन आपकी चली जा रही है । दरभंगा डिवीजन का हैड-क्वार्टर है, 7 लाख की आबादी है, नार्थ बिहार का सब से बडा शहर है। अगर 22 किलोमीटर दरभंगा-समस्तीपुर बड़ी लाइन हो जायेगी तो यह बड़ा रीजन है, जिससे बहुतों को लाभ होगा । आप जानते है ललित बाबू जब मंत्री थे, तो उस समय सर्वे हो चुका था, स्टेशन भी बन गया था, लेकिन वह सब कहां चला गया ?

**श्री केदार पांडे** : यह तो मैंने कहा कि दरभंगा से समस्तीपुर लाइन बी०जी० होने जा रहा है, उसका प्रीलिमिनरी स्टार्टेड है, यह सब ठीक है । लेकिन जहां बाराबंकी से समस्तीपुर की बात है वह तो है ही, उसको हम भी जानते है , आप भी जानते है ।

### ईरानी जहाजों से लापता भारतीय

147. **श्री राजेश कुमार सिंह** : क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ईरान-इराक युद्ध के दौरान ईरानी जहाजों से लापता बहुत से भारतीयों का अभी तक पता नहीं चला है ;

(ख) क्या भारत सरकार को इन भारतीयों के बारे में ईरान सरकार से जानकारी प्राप्त हुई है ; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है ?

**विदेश मंत्री (श्री पी० वी० नरसिंह राव)**: (क) और (ख). सरकार को इस प्रकार की कोई सूचना नहीं है। ईरानी जहाज़ों के कर्मीदलों के किसी भी भारतीय के लापता होने की ख़बर नहीं है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

**श्री राजेश कुमार सिंह** : क्या मंत्री महोदय को उस बात की जानकारी है कि समाचारपत्रों में इस तरह के समाचार छपे है कि वहां पर कुछ भारतीय ईरानी जहाजों से लापता है ? मैं यह भी जानना चाहता हू कि ईराक और ईरान मे कितने भारतीय है और उनकी सुरक्षा और उनके हितों की सुरक्षा के लिए क्या व्यवस्था की गई है । क्या इस बारे में उन सरकारों से कोई सम्पर्क स्थापित किया गया है ?

**श्री पी० वी० नरसिंह राव** : यह प्रश्न ईरानी जहाजो के बारे में है मैंने कहा कि है इस बात का पता नही है कि ईरानी जहांजों से कोई भारतीय काम करने वाले लापता हुए हों, या उन पर कोई मुसीबत पड़ी हो । मैंने अपने वक्तव्य में बताया है कि शैतुल-अरब में तीन हिन्दुस्तानी जहज रुक गये है और कुछ लोग वहां से निकाले गये है, कुछ लोग वापस आ गये है । मैंने अपने वक्तव्य में सारे तथ्य दे दिये है । ईरानी जहाजो के बारे में ऐसी कोई खबर नहीं है ।

**श्री राजेश कुमार सिंह** : ईराकी जहाज हों या इरानी जहाज, क्या वहां पर कोई भारतीय लापता हुए है ? यह राष्ट्र हित, राष्ट्रीयता और राष्ट्र के नागरिको की बात है ।

**श्री पी० वी० नरसिंह राव** : इसका जवाब पूरी तरह से दिया जा चुका है यह प्रश्न है इरानी जहाजो के बारे में,